भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

PRESS RELEASE

18/09/2023 अखिल भारतीय

वित्त मंत्रालय ने एलआईसी एजेन्टों और कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को मंजूर किया।

वित्त मंत्रालय ने आज भारतीय जीवन बीमा निगम के एजेन्टों और कर्मचारियों के लाभार्थ कल्याणकारी योजनाओं की श्रृंखला को मंजूरी प्रदान की। मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित कल्याणकारी योजनाओं को मंजूरी दी गई :

- **ग्रेच्युटी में बढ़ोत्तरी:** एजेन्टों को देय अधिकतम राशि बढ़ाकर रु. 5,00,000/- कर दी गई है।

- **नवीकरण कमीशन के लिए पात्रता:**नये प्रावधानों के अनुसार, पुन: नियुक्त एलआईसी एजेन्ट नवीकरण कमीशन प्राप्त करने के पात्र हैं।

- **टर्म इन्श्योरेन्स कवर में बढ़ोत्तरी:** एजेन्टों को देय फ़्री टर्म इन्श्योरेन्स की राशि को बढ़ाकर 1,50,000 कर दिया गया है।

- **पारिवारिक पेन्शन:** एलआईसी कर्मचारियों के परिवारों के कल्याण के लिए पारिवारिक पेन्शन 30% की एकसमान दर पर पारिवारिक पेन्शन।

भारतीय जीवन बीमा निगम के चेयरपर्सन श्री सिद्धार्थ मोहन्तीने भारतीय जीवन बीमा निगम के एजेन्टों और कर्मचारियों के लाभों का विस्तार करने के लिए माननीय वित्तमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कदम से एलआईसी के कर्मचारियों और निगम के एजेन्टों का मनोबल बढ़ेगा।

18 सितंबर 2023 को मुंबई में दिनांकित
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)
भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई ईमेल :ed_cc@licindia.com
www.licindia.in पर विजिट करें

हमें विश्वास है कि इस विज्ञप्ति में दी गई जानकारी आपके पाठकों हेतु मूल्यवान होगी